# मॉक टेस्ट-2 कक्षा-3

**प्रश्नों की कुल संख्या-45** | **समय- 90 मिनट** | **प्रति प्रश्न लगभग 2 मिनट**

**विद्यार्थी का नाम-**......................................................................... **शाला उपस्थिति पंजी क्र.-**..................

**शाला का नाम-** ........................................................**वि.ख.-**...................... **जिला-**.........................

## टेस्ट प्रशासनकर्ता के लिए निर्देश

**(टेस्ट प्रारंभ करने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें)**

- **सर्वप्रथम प्रथम पेज पर अपेक्षित सभी प्रविष्टियां कक्षाध्यापक की मदद से अनिवार्यतः पूर्ण करें।**
- **यह परीक्षण विद्यार्थी को परम्परागत प्रश्नों से हटकर नए पैटर्न के बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित टेस्ट के अभ्यास के अवसर देने के लिए है।**

1. यह सुनिश्चित कर लें कि सभी बच्चे टेस्ट दिए जाने की स्थिति के अनुरूप निर्धारित स्थान पर आराम से बैठे हों।
2. यह सुनिश्चित कर लें कि सभी बच्चों के पास उत्तर अंकित करने हेतु बॉलपेन/पेंसिल उपलब्ध हो।
3. बच्चों को मॉक टेस्ट (परीक्षण पुस्तिका) वितरित करें। बच्चों से कहें कि जब तक कहा ना जाए, तब तक पुस्तिका को न खोलें।
4. बच्चों से कहें कि ''प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से केवल एक ही विकल्प सही उत्तर है। केवल सही उत्तर वाले विकल्प को चुनकर उस पर गोला लगाएँ।''
5. निम्नलिखित उदाहरण बोर्ड पर लिखते हुए स्पष्ट करें कि उत्तर को कैसे अंकित करना है।

प्र. संख्याओं **36, 28, 41** और **59** में से कौन-सी बड़ी है?

**A** 36

**B** 28

**(C)** 59

**D** 41

6. मॉक टेस्ट (परीक्षण) पुस्तिका में निम्नानुसार तीन विषयों के **कुल 45 प्रश्न** हैं। **सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

7. बच्चों को कहें कि ''मैं अनुच्छेद/कहानी/विज्ञापन/पोस्टर/केलेण्डर को उच्च स्वर में पढूँगा। आप सभी मेरे साथ इसे धीरे-धीरे पढ़ें।''

8. प्रत्येक प्रश्न को लगभग 20-30 सेकण्ड में जोर से पढ़ें। बच्चों को अनुच्छेद के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर स्वयं अपने आप ढूंढने के लिए कहें।

9. बच्चों को उत्तर अंकित करने के लिए पर्याप्त (लगभग 45 सेकण्ड) समय दिया जाए, ताकि वे प्रश्न समझ सकें और अगले प्रश्न को शुरू करने से पूर्व पहले प्रश्न के उत्तर को अंकित कर लें।

10. बच्चों को प्रश्न के उत्तर का संकेत न दें और न ही मदद करें।

11. दिए गए निर्देशों के अनुसार बच्चे को कहें कि ''अब हम अगला प्रश्न हल करेंगे, आप अब मेरे साथ अगले प्रश्न पर ध्यान दें।''

12. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने के लिए लगभग 2 मिनट का समय दें।

13. सभी प्रश्नों को हल करने के लिए एक के बाद एक प्रश्न, अन्तिम प्रश्न तक इसी प्रक्रिया का अनुसरण करें।

14. मॉक टेस्ट पूर्ण करने के लिए लगभग 90 मिनट दिए जाएँ।

15. परीक्षण पूर्ण करने के बाद सभी परीक्षण-पुस्तिकाओं को बच्चों से वापस लें। पुस्तिका को बच्चे के उपस्थिति पंजी क्रमांक के बढ़ते क्रम में जमाएं।

16. यह सुनिश्चित कर लें कि ''जमा की गई कुल परीक्षण पुस्तिकाओं की संख्या मॉक टेस्ट में सम्मिलित बच्चों की संख्या से मिलान कर रही है।''

परीक्षणः हिन्दी ( प्रश्न क्र. 1-15 ), पर्यावरण अध्ययन ( प्रश्न क्र. 16-30 ), गणित ( प्रश्न क्र. 31-45 )

**निर्देश : दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प पर गोल घेरा ( ○ ) लगाइए -**

मम्मी-पापा के साथ मोनू बाजार से लौटी तो बहुत गुस्से में थी। पैर पटकती हुई वह घर में घुसी और मुँह फुलाकर बैठ गई। मम्मी ने बार-बार पूछा भी क्या हुआ है ?पर वह चुपचाप रही। तभी मोनू के पापा कुछ सोचते हुए बोले, ''मुझे पता चल गया, हमारी मोनू का वह हरी वाली फ्रॉक चाहिए थी, है न?'' हाँ, वही फ्रॉक चाहिए, मैंने आपसे कितना कहा था दुकान पर लेकिन आपने मेरी बात सुनी ही नहीं। इतनी देर से मौन बैठी मोनू यकायक बोल पड़ी। ''मोनू कितनी फ्रॉकें हैं तुम्हारे पास अब नई लेकर क्या करोगी ?पिछले महीने तुम्हारे जन्मदिन पर नये कपड़े और जूते दिलवाए थे और उपहारों में भी तुम्हें तीन फ्रॉक मिली।'' फिजूलखर्ची अच्छी बात नहीं है। मोनू को पापा की बात समझ में आ गई। उसने नई फ्रॉक की जिद छोड़ दी।

प्र. 1 मोनू को किसके रंग जैसी फ्रॉक पसंद थी-

(A) कोयल के रंग की (B) मोर के रंग की

(C) तोते के रंग की (D) कबूतर के रंग की

प्र. 2 मुँह फुलाने का अर्थ होता है

(A) रूठना (B) हँसना

(C) गाना (D) रोना

प्र. 3 मोनू को उपहार कब मिला था ?

(A) दीपावली पर (B) उत्तीर्ण होने पर

(C) शादी पर (D) जन्मदिन पर

प्र. 4 हम सामान खरीदते हैं.

(A) स्कूल से (B) बाजार से


(C) घर से (D) खेत से

प्र. 5 कौन-सी बात अच्छी नहीं है?

(A) पढ़ना (B) खेलना

(C) फिजूलखर्ची (D) सोना

**निर्देश : दिए गए चित्र को देखकर प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प पर गोल घेरा ( ○ ) लगाइए –**





प्र. 6 '**+**' संकेत है –

(A) घर का (B) तालाब का

(C) अस्पताल का (D) डाकघर का

प्र. 7 यह चित्र है –



(A) डाकघर का (B) हैण्ड पम्प का

(C) पेड़ का (D) अस्पताल का

प्र. 8 चित्र के अनुसार घर से तालाब के मार्ग में आता है –

(A) बाजार (B) विद्यालय

(C) अस्पताल (D) डाकघर

प्र. 9 चित्र में रेल की पटरी जाती है–

(A) तालाब के पास से (B) अस्पताल के पास से

(C) डाकघर के पास से (D) बाजार के पास से

प्र. 10 तालाब के सबसे पास है –

(A) अस्पताल (B) विद्यालय

(C) घर (D) बाजार

**निर्देश : दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प पर गोल घेरा ( ○ ) लगाइए -**

| **अगस्त** | | | **सांकेतिक कलेण्डर** | | | **2021** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **रवि** | **सोम** | **मंगल** | **बुध** | **गुरू** | **शुक्र** | **शनि** |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 स्वतंत्रता दिवस | 16 | 17 | 18 | 19 मुहर्रम | 20 | 21 रक्षाबंधन |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 कृष्ण जन्माष्टमी | 31 | | | | |

**माह के अवकाश**

- ❖ 15 अगस्त - स्वतंत्रता दिवस
- ❖ 19 अगस्त - मुहर्रम
- ❖ 21 अगस्त - रक्षाबन्धन
- ❖ 30 अगस्त - श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

प्र. 11 अगस्त 2021 में कितने बुधवार हैं?

(A) तीन (B) चार

(C) पाँच (D) एक

प्र. 12 रक्षाबन्धन के पहले शनिवार को कौन-सी तारीख पड़ती है?

(A) सात (B) अट्ठाईस

(C) चौदह (D) बीस

प्र. 13 पन्द्रह अगस्त को क्या है?

(A) मुहर्रम (B) रक्षाबन्धन

(C) श्रीकृष्ण जन्माष्टमी (D) स्वतंत्रता दिवस

प्र. 14 अगस्त माह में आपके विद्यालय का अंतिम अवकाश किस दिन होगा?

(A) शनिवार (B) रविवार

(C) सोमवार (D) मंगलवार

प्र. 15 अगस्त माह का हमारा राष्ट्रीय त्यौहार कौन-सा है?

(A) मुहर्रम (B) स्वतंत्रता दिवस

(C) रक्षाबन्धन (D) श्रीकृष्ण जन्माष्टमी


**निर्देश : दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर के विकल्प पर गोल घेरा ( ○ ) लगाइए -**

प्र.16 नीचे दिये गये चित्रों में से कौन सा चित्र अंगुलियों का प्रयोग कर बनाया गया है ?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

प्र.17 श्याम बाजार से दो किलोग्राम शक्कर लेकर आता है लेकिन जब वह दो किलोग्राम आलू लेने जाता है तो दुकानदार तराजू पर एक पत्थर रखकर तौलता है पत्थर माप की इकाई होगी -

(A) अमानक (B) मानक


(C) मापक (D) किलोग्राम


प्र.18 मां ने बा की रोटी दाल में डालकर क्यों रखी होगी ?


(A) रोटी स्वादिष्ट लगाने के लिये (B) रोटी नरम होने के लिये

(C) माँ की आदत के कारण (D) घर के रिवाज के कारण

प्र.19 नीचे दिये गये चित्रों को ध्यान से देखिए -

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

बीज से पौधा बनने का सही क्रम है -

(A) 3, 2, 1, 4 (B) 4, 2, 1, 3


(C) 3, 1, 2, 4 (D) 4, 3, 1, 2

प्र.20 निम्न में से कौन सी चम्मच आग से जल्दी जल जायेगी -

(A) एल्युमीनियम की चम्मच (B) स्टील की चम्मच

(C) लोहे की चम्मच (D) प्लास्टिक की चम्मच


प्र.21 आप अपने पिताजी के साथ (मोटर साइकिल) पर जा रहे हैं। अचानक आपके पापा को यातायात संकेत पर लाल बत्ती दिखाई देती है। पापा को क्या करना चाहिए ?





(A) चलते रहना चाहिए। (B) बाईक रोक देनी चाहिए।


(C) अधिक गति से बाइक चलाना चहिए। (D) कम गति से बाइक चलाना चाहिए।

प्र.22 आपको  की गोट खेलने के लिए दी जाती है। नीचे दी गई सामग्री में से किस सामग्री का चयन करेंगे –

(A) 

(B) 


(C) 

(D) 

प्र.23 सूचना पटल पर दी गई खेल की जानकारी को ध्यान से देखिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए –

भारत Vs ऑस्ट्रेलिया
भारत का स्कोर –

| | |
|---|---|
| कुल रन – | 105 |
| विकेट– | 02 |
| ओवर – | 12 |
| रोहित – | 25 |
| राहुल – | 06 |



सूचना पटल पर किस खेल के बारे में जानकारी दी जा रही है –

(A) क्रिकेट (B) हॉकी

(C) शतरंज (D) चौपड़

प्र.24 रोहित की दादी ने शहर में रोहित के घर पर सूरज की रोशनी से खाना पकते देखा। वह पकाने का साधन है –

(A) स्टोव (B) गैस


(C) चूल्हा (D) सोलर कुकर

प्र.25 पुराने समय में कपड़े पर कढ़ाई का काम औरतें हाथ से किया करती थीं। वर्तमान समय में जल्दी से यह कार्य करने के लिए आप उपयोग करेंगे –

(A) मशीनों का (B) पुराने तरीकों का

(C) हाथ का (D) अधिक से अधिक लोगों क

प्र.26 राजस्थान के जयपूर, नागौर और अजमेर जिलों में फैली सांभर झील एशिया के पक्षियों की सबसे बड़े सामूहिक मृत्यु स्थल में तब्दील हो गई है। सरकारी आँकडो़ं के मुताबिक अब तक इस झील के किनारे 17000 से ज्यादा पक्षियों की मौत हो चकी है। जिसे नीचे एक चित्र के द्वारा दिखाया गया है –




रिपोर्ट को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प का चयन करें ।



पक्षियों की सबसे अधिक मौतें

(A) वर्ष 2013 में हुई (B) वर्ष 2016 में हुई

(C) वर्ष 2017 में हुई (D) वर्ष 2014 में हुई


प्र.27 आपको एक खिलौना तैयार करना है जो कूद कर अपने शिकार को पकड़ता है । आप कौन से जानवर का खिलौना तैयार करेंगे?

(A)  (B) 

(C)  (D) 

प्र.28 आपको एक माँस खाने वाले पक्षी का विद्यालय में रोल प्ले करने के लिए कहा जाता है, तो आप दिये गये पक्षियों के मुखोंटो में से किसका चयन करेंगे ?

(A)  (B) 

(C)  (D) 

प्र.29 नीचे दिए गए चित्रों को देखें! कुछ बर्तन नल के नीचे रखे हुए हैं किसमें पानी जल्दी भरेगा ?

(A) 

(B) 

(C) 


(D) 

(A) गिलास
(B) लोटा
(C) बाल्टी
(D) कटोरी

प्र.30 आपके लिये बर्फीले क्षेत्र में मकान बनाना है आप दिये गये मकानों के पैटर्न में से किस मकान की बनावट का पैटर्न चुनेंगे–

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

प्र.31 निम्न में से किस में संख्याएँ बढ़ते क्रम में है?

(A) 341, 340, 236
(B) 385, 387, 389
(C) 586, 576, 567
(D) 672, 732, 327

प्र.32 एक तेल के टैंकर में 800 लीटर तेल है कुछ तेल को एक दुकान पर दे दिया गया अब टैंकर में 365 लीटर तेल रह जाता है। टैंकर से कितना तेल दिया गया?

(A) 800 लीटर
(B) 1165 लीटर
(C) 365 लीटर
(D) 435 लीटर

प्र.33 विद्यालय की एक बेंच पर 4 बच्चे बैठते हैं। बताइये ऐसी ही 12 बेंचो पर कितने बच्चे बैठेंगे?

(A) 48
(B) 412
(C) 16
(D) 12

प्र.34 मीना बाजार गई थी। बाजार से उसने कुछ सामान खरीदा। खरीदे गए सामान की पर्चियाँ (टोकन) नीचे दिए गए हैं। बताइये उसने कुल कितने रूपये का सामान खरीदा?

₹10 ₹819 ₹19 ₹112

(A) ₹960 (B) ₹1131





(C) ₹1221 (D) ₹1050

प्र.35 कुछ लड़कियाँ अपने दोनों हाथों में मेंहदी लगा रही है। मेंहदी लगाने वाली लड़कियों की कुल 30 उँगलियाँ हैं कितनी लड़कियाँ मेंहदी लगा रही है?

(A) 3 (B) 5

(C) 25 (D) 35


प्र.36 किस आकृति में कोना नहीं हैं?

(A) पुस्तक (B) कुर्सी

(C) पतंग (D) पहिया


प्र.37 बताइए काले रंग की टाइल्स के बराबर की कितनी टाइल्स और बिछाने पर नीचे बनी आकृति पूरी–पूरी भर जाएगी।



(A) 5 (B) 9

(C) 20 (D) 19


प्र.38 किस वस्तु की लम्बाई 04 से.मी. है?



(A) कील (B) चाबी

(C) पत्ती (D) रस्सी

प्र.39 घड़ी देखकर समय बताइये।



(A) 3:30 बजे (B) 6:18 बजे

(C) 4:30 बजे (D) 4:00 बजे

प्र.40 पैटर्न की अगली संख्या क्या होगी ?

1, 2, 4, 7, 11, ................,

(A) 16 (B) 22

(C) 6 (D) 15

प्र.41 इस क्रम में अगली दो संख्या क्या होंगी?

8, 16, 24, 32 ........, ..........

(A) 40, 48 (B) 32, 40


(C) 48, 56 (D) 40, 56


प्र.42 एक ट्रे में 32 लड्डू हैं। यदि हम एक डिब्बे में 8 लड्डू रखें तो सभी लड्डूओं को रखने के लिए कितने डिब्बों की आवश्यकता होगी?


(A) 2 (B) 4


(C) 6 (D) 8

प्र.43 किस मकान की संख्या 296 है?


(A) 


(B) 


(C) 


(D) 



प्र.44 कौन सी गणना फूलों की कुल संख्या की संक्रिया दर्शाती है?



(A) 5+3 (B) 5x3

(C) 3x3 (D) 3x5

प्र.45 नीचे दिए गए चार्ट में अलग-अलग दिनों में पार्क में गए हुए बच्चों की संख्या को दिखाया गया है-




किस दिन सबसे अधिक बच्चे पार्क में गए?

(A) गुरूवार (B) सोमवार

(C) मंगलवार (D) बुधवार